# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

CIN:U32201UP1999SGC024928

---

**संख्या– 67–कार्य–चौदह/पाकालि/2023/40–के/2020** **दिनांक: 09 जनवरी, 2023**

ई-मेल -
स्पीड-पोस्ट-

**प्रबन्ध निदेशक,**
**पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,**
**वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ**
**एवं केस्को–कानपुर।**

**विषय: समस्त कार्मिकों द्वारा चल/अचल सम्पत्ति का विवरण ई0आर0पी0 पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत ही हैं कि उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 (कारपोरेशन द्वारा अंगीकृत) के आंशिक संशोधन में कार्मिकों द्वारा चल/अचल सम्पत्ति का विवरण प्रथम नियुक्ति एवं उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष 01 जनवरी से 31 जनवरी के बीच प्रस्तुत किये जाने का प्राविधान है।

कार्मिकों को अपने चल/अचल सम्पत्ति के विवरण को अब ई0आर0पी0 के अन्तर्गत इम्पलाई सेल्फ सर्विस पोर्टल (ESS Portal) पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन भरा जाना है।

उक्त के साथ ही कारपोरेशन के पत्र सं0–1855–कार्य–14/पाकालि/2021–40–के/2020 दिनांक 27.10.2021 में दिये गये निर्देश के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का चल/अचल सम्पत्ति का विवरण सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी द्वारा ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड किया जाना निर्देशित है।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि अपने नियंत्रणाधीन सभी कार्मिकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे अपनी चल/अचल सम्पत्ति संबंधी विवरण को उपरोक्तानुसार प्रत्येक दशा में दिनांक 31 जनवरी, 2023 तक ई0आर0पी0 के ई0एस0एस0 पोर्टल (ESS Portal) पर अपलोड करा दें।

**भवदीय,**

**(मृगांक शेखर दाश भट्टमिश्र)**
**निदेशक(का0प्र0 एवं प्रशा0)**

**संख्या– 67(i)–कार्य–चौदह/पाकालि/2023, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), पूर्वांचल/मंध्याचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/ आगरा/मेरठ एवं केस्को कानपुर।
5. श्री प्रतीश प्रांजल, अधिशासी अभियन्ता(आई0टी0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. अधिशासी अभियन्ता वेब, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, कमरा नं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. मै0 एसेंचर सल्यूशन लि0।
8. कट फाइल।

**(मृगांक शेखर दाश भट्टमिश्र)**
**निदेशक(का0प्र0 एवं प्रशासन)**